सार-समाचार

## जालिमपुरा ग्राम को यथावत भीमसर पंचायत में रखने के लिए ज्ञापन सौंपा

**झुंझुनूं**, (निसं)। ग्राम पंचायतों के पुनर्गठन, पुनर्सीमांकन, नवसृजन में मंडावा पंचायत समिति के भीमसर पंचायत के राजस्व ग्राम जालिमपुरा उर्फ ढाणी चारण को भीमसर से हटाकर शेखसर ग्राम पंचायत में जोड़ने का जालिमपुरा ग्रामवासियों ने कलेक्ट्रेट परिसर के बाहर विरोध प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। वकील विजयहिंद जालिमपुरा ने बताया कि यह निर्णय जनभावना के विरुद्ध, मूलभूत सुविधाओं का असंतुलन, अन्यायपूर्ण और प्रगति बाधक है। जिसका हम समस्त ग्रामवासी भर्त्सना करते हैं और पुरजोर विरोध करते हैं। इससे हमारी आर्थिक, सामाजिक, आध्यात्मिक, शिक्षा, चिकित्सा और सुरक्षा की सेवाएं और अधिकार बाधित हुए हैं और हमारी भावी पीढ़ी पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। साथ ही गांव की विघटन की संभावना है जो कि हमें कतई स्वीकार नहीं है। जिसके फलस्वरूप ग्रामीणों ने जिला मुख्यालय पर विरोध दर्ज करवाते हुए जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर पूर्व की यथावत स्थिति बनाए रखने की अपील की है। साथ ही ग्रामीणों ने न्याय नहीं मिलने पर न्यायपालिका में शरणागत होने और मतदान प्रक्रिया का बहिष्कार करने की बात कही। ज्ञापन देने वाले प्रतिनिधिमंडल में रामदेव झाझड़िया, बनवारी झाझडिया, राधेश्याम खेदड, शीशपाल तेतरवाल, सुनिल तेतरवाल, राजेश झाझडिया, विजेंद्र झाझडिया, चंदगीराम लूनियां, प्यारेलाल लूनियां और वेदप्रकाश झाझड़िया उपस्थित रहे।

## प्रियंका को पीएचडी की उपाधि

**सीकर** (निसं)। सीकर की प्रियंका शर्मा को सुरेश ज्ञानविहार यूनिवर्सिटी के तहरवें दीक्षांत समारोह में पीएचडी की उपाधि से सम्मानित किया गया है। प्रियंका ने अपना शोध मैनेजमेंट के क्षेत्र में किया है जिसके अंतर्गत उनका विषय ए स्टडी ऑन एम्प्लोयी रिटेंशन स्ट्रेटेजीज़ ऑफ़ एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस ऑफ़ राजस्थान विथ स्पेशल रिफरेन्स टू शेखावाटी रीजन रहा जो उन्होंने डॉ स्वाति मिश्रा (प्रोफेसर हेड (मैनेजमेंट) के निर्देशन में सम्पूर्ण किया है जिनके अमूल्य योगदान के लिए वो सदेव कृतज्ञ है। प्रियंका का मानना है कि शेखावाटी एजुकेशन हब के नाम से प्रसिद्ध है और उनकी पीएचडी शोध का शिक्षा के क्षेत्र में अवश्य ही योगदान रहेगा। पीएचडी की उपाधि से अलंकृत होने वाली प्रियंका शर्मा ने शोध कार्य के लिए अपने गुरुजनों का और प्रेरणास्त्रोत अपने पिता राजेंद्र प्रसाद शर्मा को धन्यवाद ज्ञापित किया है, वही इसकी सफलता पर सामाजिक बंधुओं, परिवार जनों, शहर के गणमान्य नागरिकों एवं शुभचिंतकों ने बधाई दी है। अपने पिता का सपना साकार करने पर प्रियंका ने इसे गर्व की अनुभूति कहा है। शिक्षा में बचपन से ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रियंका ने शहर में एंकरिंग, इवेंट्स, कोरियोग्राफी जैसे क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना कर लोकप्रियता हासिल की है, और अपनी प्रतिभा एवं क़ाबिलियत से आगे भी समाज में प्रगतिशील बदलाव लाने के लिए तत्पर है।

## गिरिजा व्यास को श्रद्धांजलि अर्पित की

**झुंझुनूं**, (निसं)। हमीरी रोड स्थित पुजारी फार्म हाउस में ब्राह्मण समाज द्वारा पूर्व केंद्र मंत्री व महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. गिरिजा व्यास को ब्राह्मण समाज ने उनके निधन पर दो मिनट का मौन रखकर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस इस अवसर पर संयोजक पवन पुजारी ने बताया कि कुछ दिन पहले गणगौर त्यौहार पर दीपक की लोह लपटों से झुलस गई थी। उसके बाद उपचार के बाद उनका निधन हो गया। उनके निधन से ब्राह्मण समाज को बडी क्षित हुई है व राजनीति में समाज की कद्दावर नेता थी। झुंझुनूं में स्वर्गीय काशीनाथ पांडे की धर्म बहन बनी हुई थी। इसलिए उनका झुंझुनूं से विशेष लगाव था। समय-समय पर आती रहती थी। कवियत्री से राजनीति का लंबा सफर करते हुए केंद्र में दो बार मंत्री, चार-बार सांसद, कांग्रेस राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष व पांचवीं महिला आयोग की अध्यक्ष पद पर रह चुकी है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष पवन शर्मा देरवाला, विप्र फाउंडेशन संगठन जिला महामंत्री रामगोपाल महमिया, कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप शर्मा अलसीसर, विप्र फाउंडेशन जिला मंत्री रमाकांत पारीक, जिला मंत्री सुरेंद्र शर्मा, रामावतार शर्मा, सुरेंद्र शर्मा भीमसरिया, आनंद पुजारी, देवेंद्र खत्री आदि गणमान्य लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

## पत्रकारों का सम्मान किया

**कोलसिया**, (निसं)। माउंट आबू में ब्रह्माकुमारी संगठन की ओर से आयोजित पांच दिवसीय नेशनल मीडिया कांफ्रेंस का समापन सोमवार को हुआ। समापन समारोह की मुख्य अतिथि जयपुर सांसद मंजू शर्मा रहीं। कार्यक्रम में दैनिक उद्योग आस पास के संवाददाता राकेश कुमार सोनी, पत्रकार गणेश सैनी बड़ागांव, गोपीकिशन सोनी और दिनेश कुमार सांखला को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में सिरोही प्रभारी और उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के युवा मामले के राज्य मंत्री कृष्ण कुमार विश्नोई, केंद्रीय कृषि एवं राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी और सिविल लाइन विधायक गोपाल शर्मा मौजूद रहे। इन सभी जनप्रतिनिधियों ने पत्रकारों को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

## ज्योति मिर्धा आज झुंझुनूं दौरे पर

**झुंझुनूं**, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष और नागौर जिले की पूर्व सांसद ज्योति मिर्धा बुधवार को झुंझुनूं जिले में उदयपुरवाटी और खेतड़ी विधानसभा क्षेत्र में रहेगी। भाजपा जिला महामंत्री और वक्फ सुधार जनजागरण अभियान के जिला संयोजक एडवोकेट सरजीत चौधरी ने बताया कि इस अभियान के तहत मिर्धा बुधवार सुबह 11 बजे उदयपुरवाटी विधानसभा के गुढ़ा में अभिनंदन मैरिज गार्डन में पहुंच कर वक्फ सुधार जनजागरण अभियान में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहेगी। साथ ही पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी विधानसभा के जन प्रतिनिधि और अल्प संख्यक समुदाय के लोग उपस्थित रहेंगे। उसके बाद दोपहर दो बजे खेतडी विधानसभा के कॉपर में वक्फ सुधार जनजागरण अभियान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहेगी।

## समाजसेवी भार्गव ने जन्मदिन मनाया

**झुंझुनूं**, (निसं)। श्री श्याम सेवक परिवार संस्था के अध्यक्ष कुलदीप भार्गव ने अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में सेवा रूपी कार्य किए। उन्होंने ना केवल जन्मदिन होटल, रेस्टोरेंट में जाकर मनाया। बल्कि जरूरतमंद लोगों के बीच पहुंच अपने जन्म के उत्सव को सेवा भाव में जोड़कर आनंद लिया। समाजसेवी कुलदीप भार्गव के द्वारा के मूकबधिर, मंदबुद्धि बालक, विशेष विद्यालय, आशा का झरना, मां सेवा संस्था इत्यादि सेवा रूपी संस्थाओं में जाकर जरूरतमंद बच्चों के साथ केक काटकर जन्मदिन मनाया। इस दौरान भार्गव ने मिठाई व फल भी वितरित किए। कुलदीप भार्गव बेटा पढ़ाओ संस्कार सिखाओ अभियान के सदस्य, भृगुवंशी श्री श्याम प्रेमी मित्र मंडल ट्रस्ट के महामंत्री व आर्यावर्त सर्व ब्राह्मण महासभा राजस्थान के युवा प्रदेश के पद पर सुशोभित है। इस अवसर पर अशोक सैनी रविंद्र तोलियासर, अमन, ललित, अमित सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## मोनिका दड़िया को पीएचडी की उपाधि

**सूरजगढ़**, (निसं)। स्थानीय टैगोर पब्लिक स्कूल की अकेडमिक कोर्डिनेटर मोनिका दड़िया को यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट जयपुर ने पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। मोनिका ने अपना शोध कार्य अंग्रेजी विभाग की प्रोफेसर डॉ. स्नेहलता ढाका के मार्गदर्शन में किया। जिसका शीर्षक कम्युनल एंड ह्युमनिटरियन इशुज़् इन सेलेक्टेड पार्टिशन फिक्शंस एंड फिल्म्स" था। मोनिका ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने स्वर्गीय ससुर कैप्टन सुमेरसिंह भालोठिया, पति राकेश भालोठिया, पिता महावीरसिंह दडिया एवं डॉ. कुलदीप ढाका के मार्गदर्शन को दिया है।

## चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण किया

**सीकर**, (निसं)। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विशाल सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोलिडा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बेरी और दौलतपुरा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लू तापघात से रोगियों के बचाव की तैयारी, साफ सफाई, दवाइयां और जांचों की समग्र उपलब्धता, वार्डों, लैबर रूम की व्यवस्थाओं, टीकाकरण, कोल्ड चौन प्वाइंट वैक्सीन संधारण, आरसीएच कार्यक्रम सहित अन्य कार्यक्रमों की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान वैक्सीन डिपो प्रभारी रणजीत और राकेश स्वामी मौजूद रहे।

## उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई कल

**सीकर** (निसं)। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने आदेश जारी कर 8 मई को जिले के समस्त उपखण्डों में प्रातः 10 बजे से सायं 4.30 बजे तक ब्लॉक स्तर पर जनसुनवाई के लिए अटल जन सेवा शिविर का आयोजन किया जावेगा। उन्होंने बताया कि मुख्य सचिव द्वारा राज्य स्तर से वी.सी के माध्यम से अटल जन सेवा शिविर का पर्यवेक्षण किया जायेगा।

# विद्युत श्रमिक संघ ने कर्मचारियों की मांगों के लिए क्रमिक धरना शुरू किया

**झुंझुनूं**, (निसं)। अजमेर विद्युत वितरण श्रमिक संघ संबंध भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले पर अजमेर डिस्कॉम के सहायक अभियंता कार्यालय बगड़ रोड स्थित प्रांगण में बिजली कर्मचारियों द्वारा क्रमिक धरना प्रदर्शन शुरू किया गया। धरना उपखंड के अध्यक्ष राजेंद्र योगी की अध्यक्षता में दिया गया।



अजमेर डिस्कॉम के सहायक अभियंता कार्यालय बगड़ रोड स्थित प्रांगण में बिजली कर्मचारियों द्वारा क्रमिक धरना प्रदर्शन शुरू किया गया।

धरने में बिजली कर्मचारियों की मुख्यतः मांगें बिजली कर्मचारियों में रीडिंग कार्य उपभोक्ताओं का आवंटन अनुपात के अनुसार में करने में तथा सभी कार्मिकों में समान करने, कार्यालय में सहायक कार्मिको को बिना प्रशिक्षण के तथा बिना किसी तकनीकी डिग्री होने पर फील्ड में कार्य करवाने के विरोध में तथा स्थानांतरित किए गए कार्मिकों को पुनः वापस लगाने के संबंध में धरना शुरू किया गया।

धरने में श्रमिक संघ के जिला महामंत्री सुरेश कुमार शर्मा ने बताया कि कर्मचारियों की वाजिब मांगों के लिए धरना शुरू किया गया। लेकिन निगम प्रशासन के एक भी अधिकारी ने मौके पर मौके पर नहीं पहुंचे। जिसमें कर्मचारियों में आक्रोश है। अगर निगम प्रशासन मांगे नहीं मानता है तो बुधवार से विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद वृत कार्यालय मे प्रदर्शन शुरू किया जाएगा।

धरने के दौरान कर्मचारियों ने रैली के माध्यम से सहायक अभियंता अरविंद कुमार को ज्ञापन देकर मांगों के निराकरण के लिए ज्ञापन सौंपा गया। धरने के दौरान जिला उपाध्यक्ष सुनील शर्मा, द्वारकाप्रसाद, जिला संयुक्त महामंत्री राजीव सामरिया, सत्यप्रकाश शर्मा, जिला संगठन मंत्री राजेश जांगिड़, जिला कोषाध्यक्ष प्रवीण, मीडिया प्रभारी अजय जांगिड़, उपखंड झुंझुनूं सचिव सोमेश स्वामी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सीताराम योगी, अनिल सैनी, उपाध्यक्ष वसीम अली, कोषाध्यक्ष विशाल कर्णावत, दिलीप सैनी, कृष्ण कुमार, विजय डाबला, संदीप शर्मा, सुरेंद्र लोहार, हसन अली, सुशील पांडे, उपखंड ग्रामीण के सचिव नवीन डांगी, नितेश सैनी, उपखंड बगड के अध्यक्ष अनवर अली, सचिव रजनीश वैष्णव, सत्यजीत, विकास नेहरा, जितेंद्र, निरंजन सैनी व राजपाल सहित अनेक कार्मिक धरने में शामिल हुए।

# अस्पतालों के रख-रखाव और रोगी सुरक्षा के लिए नई एसओपी जारी

**जयपुर/चूरू** (निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल एवं चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देशों पर राजस्थान में मेडिकल कॉलेजों से संबद्ध अस्पतालों में रोगियों की सुरक्षा और भवनों के रखरखाव के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग ने संयुक्त रूप से नई मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की है। इस एसओपी के तहत राजकीय मेडिकल कॉलेजों से संबद्ध अस्पतालों में रोगी सुरक्षा और सेवाओं को और सुदृढ़ किया जाएगा। आपातकाल, कैजुअल्टी, सर्जिकल प्रक्रियाओं और गंभीर रोगियों की देखभाल जैसे विशेषज्ञता और सुपर विशेषज्ञता क्षेत्रों में 24 घंटे सातों दिन प्रदान की जाने वाली महत्वपूर्ण चिकित्सा सेवाएं इससे और बेहतर एवं सुगम हो सकेंगी।

चिकित्सा शिक्षा सचिव श्री अम्बरीष कुमार ने बताया कि नई एसओपी के तहत प्रत्येक मेडिकल कॉलेज से संबद्ध अस्पताल में सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा एक चौकी स्थापित की जाएगी। इसके लिए स्थान अस्पताल द्वारा उपलब्ध करवाया जाएगा। इन चौकियों पर 24 घंटे प्लम्बर और इलेक्ट्रीशियन उपलब्ध होंगे तथा दिन के समय मे कारपेंटर और वेल्डर भी उपलब्ध होंगे। साझा परिसर वाले अस्पतालों में एक सामान्य चौकी होगी। सभी अस्पतालों में रखरखाव और रोगी शिकायतों के लिए एक हेल्पलाइन होगी, जो 24 घंटे संचालित होगी।

नई एसओपी के अनुसार अस्पताल भवन की निर्माण लागत की 2 प्रतिशत राशि वार्षिक रख-रखाव निधि के रूप में पीडब्ल्यूडी को दी जाएगी, जिसका भुगतान राजस्थान मेडिकल रिलीफ सोसाइटी के माध्यम से होगा।

भवन मूल्य की गणना 2025-26 के लिए 28 हजार रुपये प्रति वर्ग मीटर की दर से होगी। सामान्यतः 70 प्रतिशत निधि सिविल और 30 प्रतिशत इलेक्ट्रिकल रखरखाव पर खर्च होगी, लेकिन स्थानीय आवश्यकताओं के आधार पर अस्पताल अधीक्षक आरएमआरएस अध्यक्ष की अनुमति से इस अनुपात में बदलाव कर सकेंगे।

**एएमसी एवं सीएएमसी पीडब्ल्यूडी के माध्यम से होंगे:-** चिलर, एसी, डीजल जनरेटर, ऑक्सीजन पाइपलाइन, लिफ्ट, फायर अलार्म, सीसीटीवी आदि उपकरणों के लिए वार्षिक रखरखाव अनुबंध और व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध पीडब्ल्यूडी द्वारा किए जाएंगे। निधि अस्पताल अधीक्षक द्वारा बजटीय आवंटन या आरएमआरएस से प्रदान की जाएगी।

**शिकायत के लिए प्रभावी तंत्र, सत्यापन के बाद ही होगा भुगतान:-** एसओपी के अनुसार रखरखाव शिकायतें हेल्पलाइन, वेबसाइट या मोबाइल एप के माध्यम से दर्ज होंगी और पीडब्ल्यूडी की देखरेख में ठेकेदार द्वारा निवारण किया जाएगा। निवारण का सत्यापन अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी द्वारा होगा, जिसके बाद पीडब्ल्यूडी ठेकेदार को भुगतान करेगा।

**हर वर्ष होगा भवनों का सर्वे:-** पीडब्ल्यूडी द्वारा वार्षिक सर्वेक्षण कर भवन फिटनेस प्रमाण-पत्र जारी किया जाएगा। रखरखाव की आवश्यकता होने पर पीडब्ल्यूडी एस्टीमेट तैयार कर अस्पताल अधीक्षक से स्वीकृति लेकर कार्य प्राथमिकता पर करेगा। रिसाव मुक्त प्लंबिंग, जलरोधी छतें, प्लास्टर मरम्मत, सुरक्षित इलेक्ट्रिकल सिस्टम, टूटी टाइल्स, दरवाजों, खिड़कियों की मरम्मत, फैन, लाइट्स मेंटीनेंस और संरचनात्मक क्षित रोकने के लिए पेड़ों की जड़ें हटाना जैसे कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी।

**मेंटेनेंस के लिए फंड की कोई कमी नहीं:-** मौजूदा रखरखाव अनुबंध पीडब्ल्यूडी को हस्तांतरित होंगे और भविष्य के सभी अनुबंध पीडब्ल्यूडी द्वारा किए जाएंगे। निधि की कमी को रखरखाव में चूक का कारण नहीं माना जाएगा। अस्पताल समय पर निधि प्रदान करने के लिए जिम्मेदार होंगे।

रखरखाव में किसी भी लापरवाही पर अस्पताल अधीक्षक, वरिष्ठ लेखा अधिकारी और पीडब्ल्यूडी के संबंधित अभियंताओं के खिलाफ तत्काल अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। आपातकालीन कार्य, दैनिक मरम्मत और निवारक रखरखाव के लिए समयबद्ध शेड्यूल 8 मई से 30 मई 2025 तक निर्धारित किया गया है, जिसमें टीम गठन, सर्वेक्षण, निविदाएं और कार्य शुरू करना शामिल हैं।

# संयुक्त निदेशक धौलपुरिया ने चिकित्सा संस्थाओं का निरीक्षण किया

**दांता**, (निसं)। चिकित्सा विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ एस.एन. धौलपुरिया ने मंगलवार को दांता खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ भरत सिंह चौहान के साथ चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खाचरियावास, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दांता व खूड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संस्थाओं में किए गए हीट वेव से बचाव के प्रबंध, दवाईयों की उपलब्धता, स्टॉफ की उपस्थिति, साफ सफाई, वार्ड में बैड की उपलब्धता और आमजन को दी जा रही चिकित्सकीय सेवाओं व सुविधाओं को परखा। उन्होंने हीटवेव को ध्यान में रखते हुए चिकित्सा अधिकारियों को दुरूस्त व माकूल व्यवस्थाएं रखने के निर्देश दिये।

उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खाचरियावास पहुंचकर संयुक्त निदेशक डॉ. धौलपुरिया ने वार्डों में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों से स्वास्थ्य सेवाओं व अस्पताल की व्यवस्थाओं को लेकर बातचीत भी। उन्होंने ड्रेसिंग रूम, महिला-पुरुष वार्ड, टीकाकरण व लेबर रूम का निरीक्षण किया।

उन्होंने अस्पताल स्टॉफ की बैठक लेकर अस्पताल में पानी व लू तापघात से बचाव के लिए की गई व्यवस्थाओं, मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए अलर्ट मोड पर कार्य करने निर्देश दिए। बैठक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खाचरियावास के चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ सुनील धायल, डॉ आर. के. जांगिड़, डॉ ब्रिजेश सिंह चारण व स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

## गर्मी में भारवाहक पशुओं का उपयोग प्रतिबंधित रखने के निर्देश

**सीकर** (निसं)। संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग डॉ. दीपक अग्रवाल ने बताया कि वर्तमान में राज्य के अधिकांश भागों में ग्रीष्म ऋतु के कारण तापमान में अत्यधिक वृद्धि हो रही है। ऐसे मौसम में भारवाहक पशुओं यथा घोड़े, गधे, खच्चर, बैल, भैंसा आदि को दोपहर के समय तीव्र धूप में कार्य के लिए प्रयुक्त किए जाने से उन्हें हीट स्ट्रोक, निर्जलीकरण, अत्यधिक थकावट तथा मृत्यु जैसी गंभीर परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। पशुओं के कल्याण एवं उनके प्रति करूणामय दृष्टिकोण अपनाना अत्यंत आवश्यक है।

# सड़क निर्माण कार्य में लापरवाही पर ग्रामीणों ने विरोध जताया

**खेतड़ी**, (निसं)। खेतड़ी उपखंड के जसरापुर से देवता तक पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से बनाई जा रही सड़क को लेकर ग्रामीणों का ग़ुस्सा फूट पडा। ग्रामीणों ने विरोध जताते हुए सड़क का निर्माण कार्य बंद करवा दिया।

इस दौरान ग्रामीणों ने नियमानुसार सड़क का निर्माण कार्य नहीं होने पर सडक का कार्य पूरा नहीं होने देने की मांग की है। विरोध कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से जसरापुर से देवता गांव तक डामरीकरण सड़क का निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। नियमानुसार सड़क निर्माण कार्य में 20

- सड़क का निर्माण कार्य बंद करवा नियमानुसार कार्य करने की मांग



खेतड़ी उपखंड के जसरापुर से देवता तक पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से बनाई जा रही सड़क को लेकर ग्रामीणों का ग़ुस्सा फूट पड़ा।

एमएम सामग्री का उपयोग करना था, लेकिन निर्माण कार्य कर रहे ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण में जीरो रोडी डालकर निर्माण किया जा रहा है। उपयुक्त सामग्री का उपयोग नहीं होने से सड़क जल्द ही क्षतिग्रस्त हो जाएगी, जिससे आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। पिछले काफी समय से सड़क क्षतिग्रस्त होने से आमजन को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों से बात कर सडक निर्माण में बेहतर क्वालिटी की सामग्री लगाने की मांग की थी, लेकिन विभाग के अधिकारियों ने अनदेखी कर सड़क बिछाने का काम शुरू कर दिया।

सड़क निर्माण कार्य में विभाग की ओर से की जा रही लापरवाही पर सैकड़ों ग्रामीण एकत्रित हो गए तथा नियमानुसार सड़क नहीं बनाने पर निर्माण कार्य को बंद करवा दिया। ग्रामीणों ने बताया कि जसरापुर से सुंदरनगर ढाणा, तिरोड़ी की ढाणी होते हुए करीब दो करोड रुपए की लागत से सड़क बनाई जा रही है, जिसमें विभाग की ओर से लापरवाही की जा रही है। नियमानुसार सड़क का कार्य नहीं करने तक सडक का कार्य नहीं होने दिया जाएगा। किशोरी सिंह बजाड़, मूलसिंह, सज्जन, रामसिंह,धर्मपाल, सोमवीर, रवि कुमार, जसवंत, राजेश कसाणा, विनोद कुमार, हेमराज सहित अनेक लोग मौजूद थे।

सार-समाचार

## तहसील सम्मेलन आयोजित

**झुंझुनूं**, (निसं)। एसएफआई की मलसीसर तहसील कमेटी का तहसील सम्मेलन हुआ। पहलगाम हमले में मारे गए नागरिकों को श्रद्धांजलि देकर सम्मेलन की शुरुआत की गई। एसएफआई के पूर्व जिलाध्यक्ष अनीश धायल ने अध्यक्षता करते हुए झंडारोहण किया। जिलाध्यक्ष आशीष पचार मुख्य अतिथि रहे। आशीष पचार ने संगठन के संघर्षों का व्याख्यान करते हुए संगठन की विस्तारित चर्चा करते हुए एक-एक विद्यार्थी तक स्वाधीनता जनवाद समाजवाद के झंडे को ले जाने की बात करते हुए कहा कि गांव ढाणी में पढ़ने वाले प्रत्येक विद्यार्थी तक पहुंचकर उसे एसएफआई की सदस्यता ग्रहण करने की जिम्मेदारी प्रत्येक कार्यकर्ता की है और कॉलेज की विभिन्न समस्याओं को लेकर संघर्ष करने की जरूरत है। पूर्व जिलाध्यक्ष अनिश धायल ने कहा कि आज सरकार सार्वजनिक शिक्षा को खत्म करने पर आमदा है। सरकार 2014 शिक्षा पर बजट पर 10 प्रतिशत खर्च के वादे के साथ आई थी। लेकिन आज शिक्षा पर केंद्रीय बजट का खर्चा डेढ़ प्रतिशत से भी कम रह गया है। सरकार जेएनयू जैसे प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय को खत्म करने पर आमदा है। विश्वविद्यालय में पढ़े लिखे छात्र सरकार से तर्कपूर्ण सवाल पूछते है और यही सरकार को मंजूर नहीं। एसएफआई एक मात्र छात्र संगठन है। जो सार्वजनिक शिक्षा को बचाने के लिए लड़ाई लड़ रहा है। सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि लोकतंत्र की पहनी सीढ़ी छात्रसंघ चुनाव तुरंत बहाल करें। अन्यथा लाखों विद्यार्थी जून माह से सड़कों पर आकर सरकार से संघर्ष करने को तैयार हैं। झुंझुनूं तहसील महासचिव अमित शेखावत पर्वेक्षक रहे। सम्मेलन के अंतिम चरण में तहसील कार्यकारिणी का निर्वाचन हुआ। जिसमें शोएब खान अध्यक्ष और अमित पूनियां महासचिव, आसिफ और अंकित उपाध्यक्ष, रेहान को संयुक्त सचिव निर्वाचित हुए। अमन सोलंकी, इस्तपाक, जतिन और अंकित कार्यकारिणी सदस्य निर्वाचित हुए। इस दौरान मोहित सैनी, मनीष, अक्षय, जाहिद, अनिल, जतिन, कार्तिक शर्मा, सुनिल, लोकेश, हरिश, हिमांशु और अनेक छात्र मौजूद रहे।

## जागरुकता सेमिनार आयोजित

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** (निसं)। गोयनका कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी में मंगलवार को विश्व अस्थमा दिवस के मौके पर जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। यह जानकारी देते हुए गोयनका संस्थान के प्रशासनिक अधिकारी डॉ गिरीश शर्मा ने बताया कि अस्थमा के बारे में जागरूकता फ़ैलाने के उद्देश्य से आयोजित इस सेमिनार में वरिष्ठ अस्थमा और चेस्ट विशेषज्ञ डॉ आर एस वर्मा मुख्य वक्ता थे। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। गोयनका संस्थान के निदेशक डॉ एन रविन्द्रा ने विश्व अस्थमा दिवस के बारे में बताया एवं मुख्य वक्ता डॉ वर्मा का स्वागत करते हुए सभी से उनका परिचय करवाया।कार्यक्रम में उपस्थित छात्र छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों को सम्बोधित करते हुए मुख्य वक्ता डॉ आर एस वर्मा ने अस्थमा के लक्षणों एवं उसके उपचार से सम्बंधित जानकारियां प्रदान करते हुए फार्मेसी कॉलेज के विद्यार्थियों को इस बीमारी एवं इसके इलाज के बारे में समाज में जागरूकता फ़ैलाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अपने सम्बोधन में बताया कि समाज में यह भ्रान्ति है कि अस्थमा एक लाइलाज बीमारी है लेकिन यह सच नहीं है। सही तरीके से लक्षणों की पहचान करके और उचित उपचार करके इस बीमारी को ठीक किया जा सकता है। इस कार्यक्रम में डॉ विजय शर्मा, डॉ सुधीर कुमार, सीताराम स्वामी, सुनील कुमावत, वीरेंद्र सिंह, रवि कुमार, सरिता माहिया, हफ़सा गौरी, कुणाल पारीक, अंकित कुमावत, अभिनव पाराशर सहित सभी स्टाफ सदस्य एवं कॉलेज के छात्र छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन ऋतू शर्मा ने किया।

## वार्षिक शैक्षिक अधिवेशन आयोजित

**सीकर** (निसं)। एन एच 52 स्थित स्वामी केशवानन्द शिक्षण संस्थान समूह भढाडर सीकर में वार्षिक शैक्षिक अधिवेशन का आयोजन किया गया जिसमें संस्थान के 1100 से अधिक शैक्षिणक एवं अशैक्षिणक कर्मचारीयों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संस्थान निदेशक रामनिवास ढाका, चैयरमैन सुरेन्द्र सिंह व गोपाल सिंह ढाका रहे। कार्यक्रम में संस्थान के सभी विभागों डिग्री कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक कॉलेज, बी.एड. कॉलेज, स्पेशल डीएड, सीबीएसई स्कूल, आरबीएसई स्कूल के प्राचार्य व प्रधानाचार्य ने अपना अपना वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया एवं आगामी वर्ष की रूपरेखा, नवाचारों व आमंत्रित सुझावों पर विस्तार से चर्चा परिचर्चा की एवं आगामी शैक्षिणक सत्र में उन्हें अमल में लाया जायेगा। कार्यक्रम में संस्थान निदेशक रामनिवास ढाका ने अपने उद्बोधन में बताया कि संस्थान आगामी वर्ष में नवीन नवाचारों के साथ पूरी ऊर्जा व समर्पण भावना के साथ आगे बढेगी जिसमें सम्पूर्ण शैक्षिणक व अशैक्षिणक स्टाफ के सहयोग की अपेक्षा की। शैक्षिणक गतिविधियों के साथ खेलों में भी नवाचार करते हुए आधुनिक तकनीक पर खेल मैदान तैयार किये गये है। साथ ही आगामी वर्ष में नवीन इंडोर स्टेडियम बनाने की घोषणा निदेशक महोदय ने की जिससे विद्यार्थी पढाई के साथ साथ खेलों में भी अपना भविष्य संवार सके। वार्षिक अधिवेशन का संचालन हिन्दी माध्यम प्रधानाचार्य डॉ. विजेन्द्र सिंह ने किया। इस पर संस्थान के सभी विभागों के स्टाफ एवं प्रबंधन सदस्य उपस्थित रहे।

## विकास अधिकारी को ज्ञापन दिया

**तारानगर** (निसं)। पंचायती राज विभाग में आईटी संवर्ग के पद सृजन को लेकर तारानगर के कम्प्यूटर कर्मचारी संघ ने विकास अधिकारी विनोद कुमार धायल को ज्ञापन दिया। ज्ञापन के माध्यम से संघ के सदस्यों ने बताया कि राजस्थान अधीनस्थ कम्प्यूटर कर्मचारी संघ द्वारा पंचायती राज विभाग में ई-गवर्नेन्स/सूचना प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग की कार्यात्मक औचित्य आधारित तत्थ्यात्मक रिपोर्ट तैयार की है। इन विभागों में ई-गवर्नेन्स आधारित कार्यो के बेहतर संचालन हेतु आईटी संवर्ग के पदों के सृजन की नितान्त आवश्यकता है। पंचायतीराज विभाग में जिला परिषद से लेकर पंचायत समिति एवं ग्राम पंचायत तक संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रक्रिया में सूचना प्रौद्योगिकी का बहुलता से प्रयोग किया जा रहा है, डिजिटलाईजेशन तथा आई.टी. से संबंधित विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा प्रगति में आ रही समस्याओं हेतु तकनीकी कार्मिकों की अत्यन्त कमी के कारण उक्त कार्य को करने में अनेक कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर आवश्यक आई.टी. सपोर्ट के लिये आई.टी. कैडर के अधिकारी एवं कार्मिकों के पदों का सृजन नितान्त आवश्यक है। डिजीटल राजस्थान के लक्ष्य को धरातल पर प्राप्त करने के लिये राजस्थान की प्रत्येक ग्राम पंचायत पर एक आई.टी. कार्मिक यथा सूचना सहायक / सहायक प्रोग्रामर का पद सृजित किया जाना प्रस्तावित है तथा उसी अनुपात में पंचायत समिति, जिला परिषद् एवं मुख्यालय तक नवीन आई.टी. केडर सृजित किया जाना प्रस्तावित है।

## जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया

**झुंझुनूं**, (निसं)। सुलताना पंचायत समिति व उप तहसील बनाओ संघर्ष समिति के संयोजक कामरेड सुरेश महला के नेतृत्व में संघर्ष समिति का प्रतिनिधिमंडल जिला कलेक्टर झुंझुनूं को ज्ञापन देकर सुलताना में नए पंचायत परिसीमन में पंचायत समिति कार्यालय स्वीकृत करने तथा उप तहसील कार्यालय भी सृजित करने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि सुलताना शहर आसपास के चालीस ग्रामों की जनता के लिए रोजमर्रा का सामान खरीदने के लिए मुख्य बाजार है। चनाना तक की सभी ग्राम पंचायतें चिड़ावा से ज्यादा दूर पड़ती हैं। नए पंचायत परिसीमन में पंचायत समिति चिड़ावा, पंचायत समिति उदयपुरवाटी, प्रस्तावित पंचायत समिति गुढागौडजी, पंचायत समिति झुंझुनूं व पंचायत समिति खेतडी कई ग्राम पंचायत प्रस्तावित की गई है। सुलताना नगरपालिका की आस-पास की ग्राम पंचायतों तथा खेतड़ी, झुंझुनूं पंचायत समिति व गुढ़ागौड़जी प्रस्तावित पंचायत समिति की चिड़ावा पंचायत समिति क्षेत्र से सटी हुई नजदीकी ग्राम पंचायतों को मिलाकर सुलताना में नई पंचायत समिति मंजूर करने तथा जनता की सुविधा को देखते हुए तहसील चिड़ावा का मध्य क्षेत्र मानते हुए सुलताना में नई उप तहसील सृजित करने की मांग की।

## निःशुल्क चिकित्सा शिविर कल

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** (निसं)। सेठ मदनलाल पालड़ीवाला फाउंडेशन और पीएचडी परिवार कल्याण फाउंडेशन नई दिल्ली की ओर से लगाया जाने वाला निःशुल्क चिकित्सा शिविर 08 एवं 09 मई को आयोजित होगा। पालड़ीवाला वोकेशनल ट्रेनिंग एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट के प्राचार्य राकेश मालवीय ने बताया कि 08 मई को ग्राम भूमा बड़ा में व 09 मई को गांव सनवाली में फाउंडेशन की ओर से निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया जाएगा। शिविर में डॉ राकेश सैनी जनरल फिजिशियन गुड़गांव के नेतृत्व मैं मरीजों का चैकअप , बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन एवं दवाई भी निःशुल्क दी जाएगी। इस दौरान गाँवों के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार एवं कौशल विकास के बारे में जानकारी दी जाकर उनका पंजीयन किया जाएगा।